# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी–आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या 288/2024

दायर दिनांक 13.06.2024

निर्णय दिनांक 03.07.2024

उनवान

1. मोहन पिता बंशी बैरवा उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.

बनाम — प्रार्थी

1. ईश्वर लाल पिता उगमा जाट उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
2. जमना लाल पिता उगमा जाट उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
3. बाली पत्नि श्री उगमा जाट उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
4. मुली पुत्री श्री उगमा जाट उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
5. एजन पुत्री श्री उगमा जाट उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
6. गटटु पुत्री श्री उगमा जाट उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
7. कैलाश पिता श्री भैरू बैरवा उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
8. गोविन्द पिता श्री मोहन नायक उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
9. देवी लाल पिता जगन्नाथ नायक उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज,
10. गोपाल पिता श्री भैरू बैरवा उम्म्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा
11. राजेन्द्र पिता श्री भैरू बैरवा उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा
12. सांवर मल पिता श्री भैरू बैरवा उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा राज.
13. फुली देवी पत्नि भैरू बैरवा उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा, तहसील व जिला भीलवाडा
14. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार, तहसील कार्यालय भीलवाडा राज.

–विपक्षीगण

उपस्थितः–अधिवक्ता प्रार्थी शंकर लाल नायक

अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 13 उपस्थित नहीं

खण्ड अधिकारी एव
न सहायक कलक्टर
भीलवाड़ा

— प्रार्थी — विपक्षी

**-: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम :-**

**-: निर्णय :-**

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा गणेशपुरा प0ह0 खेड़लिया भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र महुआखुर्द तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2076–2079 के खाता संख्या 106 की आराजी संख्या 373 कुल किता 01 कुल रकबा 0.2529 व खाता संख्या 87 की अभिलिखित आराजियात 187 कुल किता 01 कुल रकबा 0.0632 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और अप्रार्थीगण जैर–बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थी एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थी खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थी वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 13 उपस्थित नहीं। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के कम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि मौजा गणेशपुरा प0ह0 खेड़लिया भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र महुआखुर्द तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2076–2079 के खाता संख्या 106 की आराजी संख्या 373 कुल किता 01 कुल रकबा 0.2529 व खाता संख्या 87 की अभिलिखित आराजियात 187 कुल किता 01 कुल रकबा 0.0632 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को

उपखण्ड अधिकारी एव
पदेन सहायक कलक्टर
भीलवाड़ा

1000—00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 03.07.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन
सहायक कलेक्टर
भीलवाडा